समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ‘गौतम गंभीर ने मुझे देशद्रोही कहा, गालियां दीं और फिक्सर भी बोला’... श्रीसंत का बड़ा खुलासा, 2023 की भिड़ंत पर तोड़ी चुप्पी

Sanket Morankar

Published on 20 Jun 2026



पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज **एस. श्रीसंत** ने टीम इंडिया के मौजूदा मुख्य कोच **गौतम गंभीर** के साथ 2023 में हुई तीखी बहस को लेकर बड़ा खुलासा किया है। श्रीसंत का दावा है कि **लेजेड्स लीग क्रिकेट (LLC) 2023** के दौरान गंभीर ने उन्हें “फिक्सर”, “देशद्रोही” कहा और उनके खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में श्रीसंत ने उस विवादित घटना का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि यह सब एक बाउंसर गेंद फेंकने के बाद शुरू हुआ था।

**‘मैनें सिर्फ बाउंसर डाली थी’**

श्रीसंत ने बताया कि मुकाबले की शुरुआत में गौतम गंभीर ने पहली ही गेंद पर शॉट खेला। इसके बाद उन्होंने रणनीति के तहत एक बाउंसर फेंकी।

उन्होंने कहा, “गौतम बहुत अच्छे बल्लेबाज रहे हैं और मेरे खेल को अच्छी तरह जानते हैं। मैंने सिर्फ एक बाउंसर डाली थी।”

श्रीसंत के मुताबिक इसके बाद गंभीर ने उन्हें कहा, **“I own you.”**

**‘फिक्सर और देशद्रोही कहा’**

पूर्व तेज गेंदबाज ने दावा किया कि उन्होंने गंभीर से पूछा कि आखिर क्या हुआ है, लेकिन इसके बाद मामला और बिगड़ गया।

श्रीसंत ने आरोप लगाया कि गंभीर ने उन्हें अपशब्द कहे और बार-बार “फिक्सर” तथा **“देशद्रोही”** कहकर संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि यह सुनकर उन्हें काफी दुख पहुंचा, क्योंकि उन्होंने अपने करियर में ऐसे आरोपों का पहले भी सामना किया है।

## 2013 स्पॉट फिक्सिंग विवाद का किया जिक्र

गौरतलब है कि **आईपीएल 2013** के स्पॉट फिक्सिंग मामले में श्रीसंत पर बीसीसीआई ने आजीवन प्रतिबंध लगाया था, जिसे बाद में घटाकर **सात साल** कर दिया गया था। इसके बाद 2020 में उन्हें फिर से क्रिकेट खेलने की अनुमति मिली।

श्रीसंत का मानना है कि उसी पुराने विवाद को लेकर गंभीर ने उन्हें निशाना बनाया।

## दोनों रहे है विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा

गौतम गंभीर और श्रीसंत दोनों **2007 टी-20 विश्व कप** और **2011 वनडे विश्व कप** जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं।

हालांकि, खेल के दिनों के बाद दोनों के रिश्तों में खटास साफ दिखाई दी। दिसंबर 2023 में लेजेंड्स लीग क्रिकेट के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान पर तीखी बहस हुई थी, जिसकी तस्वीरें और वीडियो भी काफी वायरल हुए थे।

## गौतम गंभीर फिलहाल टीम इंडिया के मुख्य कोच

वर्तमान में गौतम गंभीर भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच हैं। उनके कार्यकाल में भारत **आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025** और **टी-20 विश्व कप 2026** का खिताब जीत चुका है।

वहीं, श्रीसंत के इन नए आरोपों के बाद एक बार फिर दोनों के बीच हुए विवाद की चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल गौतम गंभीर की ओर से श्रीसंत के इन दावों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.